हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 6 नवंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 खाद में राख मिलाकर किसान का भविष्य जला...



07 कार्तिक पूर्णिमा पर त्रिवेणी संगम में हजारों ...



## खबर संक्षेप



### आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

**रहली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बुधवार को पथ संचलन निकाला गया, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुये वापस कृषक स्टेडियम पहुंचा। इससे पूर्व आयोजित कार्यक्रम में बौद्धिक प्रमुख उमेश द्वारा बौद्धिक दिया गया। नगर में जहां-जहां से पद संचलन निकाला सभी जगह है नगर वासियों ने पुष्प वर्षा की। वहीं रहली की जामा मस्जिद बस स्टैंड तथा कार्यक्रम स्थल पर भी इमरान मस्तू खान एवं उनके मित्र मंडल द्वारा पथ संचलन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक कुमार गौंड, मुख्य वक्ता उमेश महाकौशल प्रांत के प्रांत बौद्धिक प्रमुख, सीताराम हजारी, विधायक गोपाल भार्गव, नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी, गढ़ाकोटा नपा अध्यक्ष मनोज तिवारी, कमलेश अवस्थी, पवन विश्वकर्मा, राहुल स्थापक, विशाल सेन,प्रकाश सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वच्छता नायक चौक से हुआ देव दीपावली का शुभारंभ

**सागर।** नगर निगम द्वारा देव दीपावली का शुभारंभ महापुर संगीता सुशील तिवारी, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, नगर आयुक्त राजकुमार खत्री, धर्मेंद्र खटीक, रूपेश यादव एवं की उपस्थिति में तीनमढिया स्थित नव निर्मित स्वच्छता नायक चौराहे से हुआ देव दीपावली का शुभारंभ ।

### महिला एवं पुरुष कुश्ती दंगल के चयन आज

**सागर।** भारतीय शैली कुश्ती महासंघ भारत एवं भारतीय शैली कुश्ती संघ मध्यप्रदेश के तत्वाधान में महाराष्ट्र के सतारा में देश का सबसे बड़ा कुश्ती दंगल 52वा हिन्द केसरी आयोजित होने जा रहा है । जिसमे मध्य प्रदेश की टीम भी शिरकत करेगी । इसी तत्वाधान में मध्यप्रदेश की कुश्ती टीम की चयन प्रक्रिया सागर स्थित छत्रसाल अखाड़ा में रखी गई है जिसमे इंदौर,कटनी,हरदा,रतलाम,उज्जैन,मंडला,सिवनी,छिंदवाड़ा,नरसिंहपुर, सीहोर,जबलपुर एवं मेजबान सागर के पहलवान भाग लेंगे । इंदौर की ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की बालिकाएं भी भाग लेंगी ।

### स्वदेशी से स्वावलंबन विषय पर वेबीनार आज

**रहली।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रहली सागर में 06 नवंबर को स्वदेशी से स्वावलंबन विषय पर एक राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया जा रहा है । यह आयोजन मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुरूप आनलाइन मोड पर गूगल मीट पर होगा। प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हो रहे इस कार्यक्रम की आयोजन सचिव महाविद्यालय की हिंदी विभाग अध्यक्ष सुषमा चौरसिया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी आफ साउथ बिहार के समाजशास्त्र विभाग में एसो. प्रोफे.डॉ. सनत कुमार शर्मा और दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विषय की पूर्व असिस्टेंट प्रोफे.डॉ मीना कुमारी तथा एस . सी. पी. विश्वविद्यालय गुजरात के प्रबंधन विभाग के एसो. प्रो. डॉ प्रदीप कुमार मिश्र को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया हैं। इस कार्यक्रम में अनेक विद्वान और शोधार्थी अपने शोध आलेख भी प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि यह आयोजन छात्र छात्राओं को स्वदेशी ज्ञान से स्वावलंबी बनाने के लिए अभिकल्पत है। अतः युवाओं को कार्यक्रम में अपनी सहभागिता अवश्य करनी चाहिए और प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर अपने जीवन को स्वावलंबी बनाने का प्रयास करना चाहिए ।

---

**सागर में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ, 51 दिनों तक चलेगा खेलों का महाकुंभ**

# प्रतिभावान बच्चों को अपना टैलेंट दिखाने का अवसर है यह प्रतियोगिताः मंत्री गोविंद राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिला मुख्यालय पर मंगलवार, 5 नवंबर को सागर संसदीय क्षेत्र का सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। लगभग डेढ़ माह तक चलने वाले इस महोत्सव का समापन 25 दिसंबर को होगा। खेलों के प्रति ग्रामीण और शहरी युवाओं में उत्साह और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस सांसद खेल प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत से लेकर संसदीय क्षेत्र स्तर तक विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा।



कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्तासंरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि देश में होनहार बच्चों की कमी नहीं है केवल उन्हें मंच देने की आवश्यकता है ताकि वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें यह कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस प्रतियोगिता के माध्यम से शुरू किया गया है और देश के गांव-गांव के प्रतिभावान बच्चों को खेल का मंच उपलब्ध कराने के लिए देश भर में सांसद खेल प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं जिनके माध्यम से पहले गांव फिर ब्लॉक और ब्लॉक के बाद जिला और जिला के बाद लोकसभा स्तर पर होनहार खिलाड़ियों का चयन किया जा सके ठीक है उन्होंने हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी क्रांति गौड की चर्चा करते हुए कहा कि एक साधारण परिवार की बच्ची अपने प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उसे सम्मान स्वरूप एक करोड़ की राशि दी है लेकिन यह राशि नहीं बच्ची का सम्मान है और दूसरे बच्चों को सीख है कि वह ऐसा खेले कि अपने गांव शहर और प्रदेश का ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने देश का नाम रोशन करें।

सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए सागर सांसद डॉ लता गुड्डू वानखेड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और खेल मंत्री मनडाविया का प्रयास है कि गांव की मिट्टी में खेलने वाला बच्चा भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना और पूरे देश का नाम रोशन करें इसलिए ऐसी बच्चों को मंच प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा सांसद खेल प्रतियोगिताओं का देश भर में आयोजन कराया जा रहा है जिससे खिलाड़ियों में ऊर्जा और खेल भावना के प्रति उत्साह का संचार हो उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल होने आए समस्त खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल में हार जीत उतना मायने नहीं रखती जितना की खिलाड़ी का खेल खेलना रखता है इसलिए उन्होंने समस्त खिलाड़ियों से पूरी खेल भावना के साथ खेलने की अपील करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता 25 दिसंबर तक चलेगी और इसमें गांव-गांव से खिलाड़ी चुनकर पहले पंचायत स्तर पर फिर ब्लॉक स्तर पर फिर विधानसभा स्तर पर और उसके बाद लोकसभा स्तर पर भाग लेंगे उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का आज शुभारंभ हुआ है और अब यह प्रतियोगिताएं विधानसभा स्तर पर माननीय विधायकों के नेतृत्व में चलती रहेगी और 25 दिसंबर को इसका समापन होगा।

कार्यक्रम में नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने भी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए सांसद की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से गांव स्तर के खिलाड़ी चुनकर आएंगे और उन्हें भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा उन्होंने क्रांति गौड का जिक्र करते हुए कहा कि इससे सिद्ध होता है कि सामान्य खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच सकता है।

कार्यक्रम को कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे और सागर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी संबोधित किया

### 10 खेल खेले जाएंगे इस प्रतियोगिता में

सांसद खेल प्रतियोगिता में 10 खेल खेले जाएंगे जिसमें क्रिकेट, वॉलीबॉल, हॉकी, फुटबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, खो खो, शतरंज, रस्साकश्सी, एथलेटिक्स। इन खेलों के आयोजन से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा क्योंकि इस महोत्सव का उद्देश्य खेलो इंडिया की भावना को आगे बढ़ाना और युवाओं में खेलों के माध्यम से अनुशासन, फिटनेस और उनमे टीम भावना का विकास करना है।

इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार जिला अध्यक्ष संध्या भार्गव, हरिराम सिंह ठाकुर, मुकेश तिवारी कुरवाई, मकरोनिया नगर पालिका अध्यक्ष मिही लाल अहिरवार सांसद खेल महोत्सव के समन्वयक अनिल तिवारी, प्रभु दयाल पटेल, प्रदीप पाठक, तृप्ति ठाकुर, विनोद तिवारी, नरेश यादव, उमेश सिंह केवलारी संतोष ठाकुर बीना, रामेश्वर नामदेव, विजय विक्की गौतम, निकेश गुप्ता, देवेंद्र फुसकेले, रवि ठाकुर, शिवकुमार यादव, आशा लता सिलाकारी, लक्ष्मण सिंह ठाकुर विक्रम सोनी धीरज सिंह मौर्य जगन्नाथ गुरैया, लखन राय, सहित शिक्षा विभाग एवं खेल विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

---




## सायबर जागरूकता के अंतर्गत पुलिस प्रशिक्षण शाला

**सागर।** पुलिस प्रशिक्षण शाला मकरोनिया सागर के द्वारा भारत सरकार गृह विभाग आई 4 सी के निर्देशन पर अक्टूबर माह को सायबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिस तारतम्य प्रशिक्षण शाखा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राजा बाबू सिंह के द्वारा व्यापक दिशा निर्देश जारी किये है । जिसके पालन में पुलिस अधीक्षक लवली सोनी के मार्गदर्शन में सायबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पुलिस प्रशिक्षण शाला सागर की स्टाफ एवं प्रशिक्षु नव आरक्षकों के द्वारा ग्राम गुढा एवं ग्राम बम्होरी में सायबर जागरूकता रैली के माध्यम से तथा चौपाल पर व्याख्यान के माध्यम से एवं पम्पलेट बैनर बाटकर सायबर जागरूकता के विषय में गग्रमीणों महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक किया। शासकीय हाई स्कूल घूघर की छात्र छात्राओं एवं स्टाफ का सायबर अपराधों के विषय में जानकारी दी एवं उनसे बचने के उपाय बताये इस अभियान के तहत छात्र छात्राओं हेतु एक आनलाइन जागरूकता क्विज का आयोजन भी किया गया है। जिसमें 150 स्कूली छात्रछात्राओं ने भाग लिया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु पीटीएस के विभिन्न सोशल मीडिया हेण्डल के माध्यम से निरंतर बेनर पोस्टर शेयर कीये जा रहे है जो विभिन्न सायबर अपराधों के विषय में जानकारी एवं उनसे बचने के उपाये दर्शित करते है। साथ ही पुलिस अधीक्षक लवली सोनी के द्वारा आकाशवाणी के श्रोताओं हेतु सायबर सुरक्षा संदेश प्रसारित किया गया है। अभियान के अंतर्गत सायबर सुरक्षा के संबंध में जारी शपथ प्रशिक्षण शाला में प्रशिक्षण रत नवआरक्षकों एवं स्टाफ ने ली है जिसमें सायबर अपराध को रोकने एवं उनकी उचित रिपोर्टिंग की बात कही गई है। इस अभियान में प्रशिक्षण शाला के निरीक्षक अफरोज खान एस आई मिनी पाठक, सउनि उमाशांकर दुबे, आर पवन वर्मा की सक्रिय भूमिका रही।



## श्रीमद्भागवत कथा के आमंत्रण के साथ विधायक शैलेंद्र जैन ने वन मंत्री भूपेंद्र यादव से की भेंट

**सागर।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से भेंट कर उन्हें सागर में 19 नवंबर से 25 नवंबर तक आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा का आमंत्रण सौंपा। इस कथा का वाचन अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास परम पूज्य इंद्रेश उपाध्याय जी महाराज के पावन मुखारविंद से संपन्न होगा। भेंट के दौरान विधायक जैन ने मंत्री यादव से सागर में प्रस्तावित चिड़ियाघर परियोजना पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि पूर्व में नेशनल जू अथॉरिटी द्वारा सागर में चिड़ियाघर की स्वीकृति प्रदान की गई थी, किंतु बजट की कमी के कारण योजना आगे नहीं बढ़ पाई। विधायक जैन ने आग्रह किया कि अब इस परियोजना को फंड के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की जाए, जिससे सागर में चिड़ियाघर का निर्माण संभव हो सके। इस पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि आप प्रस्ताव राज्य सरकार के माध्यम से भेजिए, ताकि केंद्र स्तर पर इस पर आवश्यक और सकारात्मक कार्यवाही की जा सके। भेंट के दौरान विधायक जैन ने मंत्री यादव को सागर जिले के विकास से जुड़े अन्य विषयों की भी जानकारी दी तथा केंद्र सरकार की पर्यावरण हितैषी नीतियों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

---



## शहर सेवादल परिवार ने अर्जुन सिंह की जन्मजयंती पर किया उन्हें स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कांग्रेस का ऐसा कद्दावर चेहरा जिसने इंदिरा गांधी से राजीव गांधी तक के दौर में अपनी मजबूत पहचान बनाई, 5 नवंबर 1930 को सीधी जिले के चुरहट गांव में जन्में अर्जुन सिंह मध्य प्रदेश की राजनीति के सबसे प्रभावशाली और करिश्माई नेताओं में गिने जाते थे। आज उनकी जन्म जयंती पर कांग्रेस सेवादल परिवार ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करके उन्हें स्मरण किया। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने इस मौके पर कहा कि स्व.अर्जुन सिंह मध्यप्रदेश के विकास और जनहित के प्रति समर्पित नेता थे। उन्होंने समूचे प्रदेश के विकास के लिए अनेक दूरदर्शी निर्णय लिए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की राजनीति में स्व.अर्जुन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वे 1980 के दशक में सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में शामिल थे और तीन बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं पंजाब के राज्यपाल भी रहे। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री के रूप में उनका देश के विकास में अहम योगदान रहा। वे सदैव गरीब कल्याण और पिछड़ा वर्ग के साथ खड़े दिखाई दिए। स्व. अर्जुन सिंह वंचित वर्ग के लिए लड़ाई लड़ने में हमेशा अग्रणी रहे।

कार्यक्रम में टिंगू जैन, मनोज दुबे, लकी दुबे अमन नामदेव, अन्नू घोसी, फहीम अंसारी, पंकज सोनी,रवि जैन, आकाश नामदेव, तरुण सैनी, राहुल ताम्रकार, फहीम अंसारी, आदि सेवादल परिवार जन उपस्थित रहे।

## न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 2025 का आयोजन 9 नवंबर से

### विधिक सेवा सप्ताह में कानूनी सेवाओं, योजनाओं और नागरिक अधिकारों की जानकारी प्रदान करें : प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



विधिक सेवा सप्ताह में कानूनी सेवाओं, योजनाओं और नागरिक अधिकारों जानकारी प्रदान करें । उक्त निर्देश प्रधान जिला सत्र एवं प्रधान न्यायाधीश एम के शर्मा ने 9 नवंबर से शुरू होने वाले न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह, 2025 के आयोजन संबंध में आयोजित बैठक में दिए। इस अवसर पर जिला न्यायालय की न्यायाधीश गण जिसमें जिला न्यायाधीश समरेश सिंह, सुधांशु सक्सेना, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा बंसल, प्रीतम बंसल न्यायिक मजिस्ट्रेट, मिथिलेश डेहरिया जिला विधिक सहायता अधिकारी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजपूत सहित अन्य अधिवक्ता संघ की पदाधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर आरती यादव सहित समस्त विभागों के विभाग अधिकारी मौजूद थे।

जिला सत्र प्रधान न्यायाधीश एमके शर्मा ने बैठक में बताया कि न्यायोत्सव सप्ताह के अंतर्गत 7 दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें 09 नवंबर को जागरूकता प्रदर्शनी एवं मैराथन दौड़ का आयोजन होगा। जिसमें न्यायोत्सव की शुरूआत एक जन जागरूकता मैराथन / वॉकथॉन और कानूनी सेवाओं, योजनाओं और नागरिक अधिकारों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी के साथ होगी। इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं, अपने अधिकारों को जानें जैसे कानूनी जागरूकता विषयों पर लघु भुमिका-नाटक (मिनट) जैसी गतिविधियां शामिल होंगी। प्रतिभागियों को अभियान की भावना को बढ़ावा देने के लिए नालसा लोगो वाली टी-शर्ट और कैप प्रदान की जाएगी। न्याय के लिए दौड़ कानुनी जागरूकता की ओर प्रत्येक कदम थीम वाली इस पहल का उद्देश्य जनभागीदारी और जागरूकता को मजबूत करना है।



## सहायक अभियंता ज्ञानेश त्रिपाठी का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया

**सागर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के बहेरिया वितरण केन्द्र में पदस्थ सहायक अभियंता ज्ञानेश त्रिपाठी का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बहेरिया वितरण केन्द्र के प्रभारी सहायक अभियंता विकास मिश्रा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञानेश त्रिपाठी ने लगभग दो वर्षो तक बहेरिया वितरण केन्द्र में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी से किया। उनके कार्यकाल में कर्मचारियों एवं समस्त लाईन स्टाप को नई नई दिशा एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। हम सभी आज उनको विदाई देते हुए एक तरफ खुशी एवं दूसरी तरफ एक कमी का अहसास महसूस कर रहे हैं । हम सभी उनके उज्जवल भविष्य के साथ उनकी विदाई करते हैं। भारतीय मजदूर संघ के तहसील मंत्री हेमंत श्रीवास्तव ने कहा की हम सभी लोगों को एक तरफ इस खुशी का अनुभव हो रहा है कि हमारे शाहब अपने गृहनगर छतरपुर वापस जा रहे हैं। दूसरी तरफ हम सभी के लिए भावुकता का पल भी है कि हम सभी को एक पिता, अधिकारी एवं बड़े बुजुर्गो के रूप में मार्गदर्शन प्रदान करने वाले परिवार की तरह समस्त कर्मचारियों को स्नेह करने वाले हमारे अभियंता शाहब सागर से स्थानांतरण हो गया। बहेरिया डीसी के पूर्व अभियंता आर एल पटैल ने ज्ञानेश त्रिपाठी के स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के साथ आगामी कार्यकाल को सफलतापूर्वक पूर्ण करने की बधाई दी। विदाई समारोह में शामिल होने वालों मध्यप्रदेश विधुत मंडल के कर्मचारियों में ओम प्रजापति, लता पिपरैय्या, कैलाश सिलावट, राजकुमार रैकवार, दिलराज सिंह ठाकुर, शिवप्रसाद राठौर, कमलेश केवट, सुशील लोधी, दिनेश सेन, दीपेश रजक सहित मध्यप्रदेश विधुत मंडल परिवार के कर्मचारी उपस्थित थे।

---

**आयुक्त नगर निगम ने दी कमिश्नर को विस्तृत जानकारी**

# कमिश्नर ने की स्मार्ट सिटी योजना के कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने आज कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में सागर नगर निगम क्षेत्र में कराए जा रहे स्मार्ट सिटी योजना एवं अन्य योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में आयुक्त नगर निगम सागर एवं मुख्य कार्यकारी निदेशक स्मार्ट सिटी योजना राजकुमार खत्री ने सागर नगर निगम क्षेत्र में स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 2018 में सागर नगर निगम में स्मार्ट सिटी योजना प्रभावशाली हुई थी। इस योजना के अधिसंख्य निर्माण कार्य पूर्णता की ओर हैं। उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी योजना के कुछ अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।



बैठक में आयुक्त नगर निगम ने द्वारा कराए जा रही विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट सिटी योजना के तहत लगभग 887 करोड़ के 96 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं तथा 4 अन्य कार्य पूर्णता की ओर हैं। बैठक में नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा अमृत योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं। वहीं कनेरा देव तथा मैनपानी में विभिन्न योजनाओं के आवास बनाए जा रहे हैं। इन आवासों में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के आवास भी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि अमृत योजना के तहत राजघाट में पिचिंग का निर्माण, सड़क विकास, प्लांटेशन एवं अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजघाट में पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि सागर नगर निगम क्षेत्र में सीवर लाइन का कार्य भी किया जाना प्रस्तावित है।

बैठक में आयुक्त नगर निगम ने बताया कि सागर नगरीय क्षेत्र में आगामी महीनों में ई-बस सेवा शुभारंभ की जा रही है। इसके लिए लगभग 32 बसें नगरीय क्षेत्र के 10 रूटों में चलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि ई-बसों के लिए डिपो बनाने की प्रक्रिया भी जारी है। बैठक में कमिश्नर ने सागर नगर निगम क्षेत्र में गीता भवन के लिए स्थल चिन्हित कर गीता भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ करने के भी निर्देश आयुक्त नगर निगम को दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम एवं कार्यकारी निदेशक स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने सागर नगर निगम में प्रारंभ की गई ई-अटेंडेंस के संबंध में जानकारी दी।

### जिले में नकली डीएपी खाद की खुलेआम कालाबाजारी पर कलेक्टर हुए सख्त

# खाद में राख मिलाकर किसान का भविष्य जला रहे माफिया, विभाग बना तमाशबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में इन दिनों खाद माफियाओं ने किसानों को ठगने का नया तरीका निकाल लिया है। असली डीएपी खाद की कमी का फ़ायदा उठाकर 400 रुपए की सिंगल सुपर फास्टेक दानेदार खाद जिसे स्थानीय भाषा में राख कहते है। इसको डीएपी की खाली बोरियों में भरकर 1900 से लेकर 2000 रुपए तक में भोलेभाले किसानों को धोखे से बेचा जा रहा है। उक्त मामला जिले के बड़ागांव धसान क्षेत्र से सामने आया है। दुख की बात तो ये है कि उक्त काले कारनामे पर जिम्मेदार कृषि विभाग के अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं, जबकि नकली खाद खुलेआम बेचकर किसानों के सपनो और मेहनत पर पानी फेरा जा रहा है। हालांकि उक्त काले धंधे की जानकारी लगते ही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने तत्काल सख्ती दिखाते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। जिस पर बड़ागांव तहसीलदार पलक जैन ने सेम्पलिंग की कार्यवाही भी की है।






#### किसानों ने बताया, खाद खरीदते ही हाथ पड़े काले

बड़ागांव में किसान लक्ष्मण रैकवार और एक अन्य किसान ने बताया कि असली डीएपी न मिलने से उन्होंने दरगुवा रोड से खाद की बोरी खरीदी। लेकिन हम किसानों को यह नहीं मालूम चलता कि कौन-सा खाद असली है, कौन सा नकली। बोवनी का समय चल रहा है इसलिए दरगुवा रोड पर बोरी रखी देखी तो 1900 रुपए देकर खरीद ली। लेकिन बाद में पता चला कि खाद की बोरी में खाद जगह तो राख है। जब बोरी खुलवाई गई और खाद के दानों पर पानी डाला गया तो वह मिट्टी में बदल गया और किसानों के हाथ काले पड़ गए। लोगो ने बताया कि कृषि विभाग की लापरवाही के बीच यह काला कारोबार बड़ागांव में खुलेआम फल-फूल रहा है। बड़ागांव में दरगुवा रोड और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों डीएपी के नाम पर किसानों को नकली खाद के रूप में राख़ बेचीं जा रही है।

#### कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन की कार्रवाई, दो बोरियां जब्तकर सैंपल भेजे लैब

उक्त शिकायत की सूचना पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा निर्देश देने पर बड़ागांव तहसीलदार पलक जैन और कृषि विभाग की टीम ने शाम करीब 4 बजे बस स्टैंड चौराहे से दो संदिग्ध डीएपी खाद की बोरियां जब्त कीं। इस दौरान किसानों के बयान भी दर्ज किए गए और पंचनामा तैयार कर खाद के सैंपल लैब में भेजे गए हैं। तहसीलदार पलक जैन ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद ही बताया जा सकेगा कि खाद नकली है या असली। जिदके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

#### कलेक्टर के सख्त रुख के बाद टूटी कृषि विभाग की नींद

कलेक्टर श्रोत्रिय की सख्त चेतावनी के बाद अब जिले में नकली खाद माफियाओं की मुश्किलें बढ़ने बाली है क्योंकि कलेक्टर श्रोत्रिय की सख्ती के बाद कृषि विभाग हरकत में आया है। विभाग द्वारा टीमों को सक्रिय कर नकली खाद की संभावित दुकानों व गोदामों पर जांच शुरू की जा रही है। बही ग्रामीणों और किसान संगठनों ने मांग की है कि नकली खाद बेचने वालों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और ऐसे मामलों में स्थायी निगरानी तंत्र बनाया जाए ताकि भविष्य में कोई भी किसान ठगा न जाए। असली बताकर नकली खाद सप्लाई किया जाना किसानों के साथ बड़ा आर्थिक धोखा है। जबकि किसान रोजाना असली खाद के लिए भटक रहे हैं। ग्रामीणों व किसान संगठनों ने मांग की है कि दोषियों पर एफआईआर दर्ज की जाए और

#### वार्ड क्रमांक 4 स्थित मकान से सप्लाई की बात आई सामने

किसानों ने बताया कि नकली खाद बड़ागांव नगर के वार्ड क्रमांक 4, मिथिला खेड़ा स्थित राकेश रैकवार के मकान में रखा गया था। और ऑटो रिक्शा चालक हामिद खान के ज़रिए यह डीएपी खाद 1900 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से किसान को बेचा उपलब्ध गया। अब सवाल यह उठ रहा है कि एक ऑटो चालक के जरिए नकली खाद की अवैध सप्लाई आखिर कौन करवा रहा है? मामले की जानकारी मिलते ही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कृषि विभाग को तत्काल जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि किसानों के साथ धोखाधड़ी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी व्यक्ति नकली खाद बेचने या सप्लाई करने में शामिल पाया जाएगा, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने संबंधित विभागों को खाद आपूर्ति चैन की जांच करने, दुकानों के स्टॉक सत्यापित करने और टीम गठित कर हर वार्ड की निगरानी करने के निर्देश भी दिए हैं।

### सुपर सीडर मशीन से खेत में एक साथ हुई जुताई व बुआई

# नरवाई प्रबंधन यंत्र से किसानों की 3 बचत, समय-श्रम व लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में प्रसाशनिक प्रयासों के चलते किसानो का तकनीकी खेती के तरफ रुझान बढ़ रहा है। जिससे किसान अब तकनीक का उपयोग खेती को आसान बना रहा है। जिले में किसानों को नरवाई प्रबंधन यंत्र सुपर सीडर के उपयोग के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। जिससे सुपर सीडर किसानों का सहायक साथी बनता जा रहा है। सुपर सीडर मशीन से खेत में एक साथ जुताई व बुआई की जा सकती है साथ ही मिट्टी की उर्वरताशक्ति में भी इजाफा होता है। नरवाई प्रबंधन यंत्र से किसानों की समय, श्रम व लागत रूपी 3 बचत हो रही है।

इसी कड़ी में जिले के ग्राम खिरिया के कृषक नाथूराम अहिरवार ने अपने खेत में सुपर सीडर से मटर की बुवाई कर एक प्रेरक कार्य किया है। इस आधुनिक यंत्र की मदद से जुताई और बुआई का कार्य एक साथ पूरा किया गया, जिससे न केवल समय की बचत हुई, बल्कि श्रम और लागत दोनों में कमी आई। किसान नाथूराम बताते हैं कि इस पद्धति से खेत की मिट्टी की उर्वरता क्षमता में भी वृद्धि हुई है क्योंकि इसमें नरवाई को खेत में ही काटकर मिट्टी में मिला दिया जाता है, जिससे भूमि की नमी और कार्बनिक तत्व बढ़ते हैं। किसान नाथूराम अहिरवार ने बताया कि यह यंत्र भी सरकार द्वारा अनुदान से प्राप्त किया जा सकता है। ई-कृषि यंत्र अनुदान योजना के तहत यंत्र की कीमत की 50 प्रतिशत राशि 01 लाख 20 हजार रूपये अनुदान उन्हें कृषि अभियांत्रिकी विभाग से प्राप्त हुआ।

विभागीय जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025झ26 में अब तक जिले के चार किसानों ने इस यंत्र को अनुदान पर खरीदा है। इससे जिले में सुपर सीडर मशीनों की संख्या बढ़कर पाँच हो चुकी है। संबंधित बिभाग के अनुसार सुपर सीडर एक ऐसा आधुनिक कृषि यंत्र है जो नरवाई प्रबंधन, जुताई और बुआई तीनों काम एक साथ करता है। यह गेहूं, मटर, चना जैसी रबी फसलों की बुआई में उपयोगी साबित होता है। इस तकनीक से खेत में नरवाई फसल का ठूंठ जलाने की ज़रूरत नहीं पड़ती।

#### वायु प्रदूषण रुकता है और मिट्टी के पोषक तत्व संरक्षित रहते हैं

कृषि अभियांत्रिकी विभाग ने बताया है कि जो किसान भाई इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग द्वारा किसानों को तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक किसान इस पर्यावरण-अनुकूल तकनीक को अपनाएं। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जागरूक करते हुए बताया कि नरवाई प्रबंधन यंत्र जैसी तकनीकों को अपनाना किसानों के लिए दीर्घकालिक लाभ का सौदा है। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए हैं कि हर विकासखंड में ऐसे सफल कृषकों के उदाहरण प्रस्तुत किए जाएं ताकि अन्य किसान भी प्रेरित हों और खेतों में नरवाई जलाने की परंपरा समाप्त हो। कलेक्टर श्रोत्रिय ने यह भी कहा कि सरकार की अनुदान योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि हर किसान आधुनिक उपकरणों से जुड़ सके। उन्होंने 50 प्रतिशत सरकारी अनुदान पर आसानी से उपलब्ध सुपर सीडर आधुनिक कृषि यंत्र के फायदे एक नज़र में बताते हुए कहा कि इसका उपयोग करने पर एक साथ जुताई और बुआई, समय की बचत की जा सकेगी, श्रम व लागत में कमी आएगी। मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि होगी। नरवाई जलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे पर्यावरण की सुरक्षा होगी।

### उत्साह व श्रद्धा से मनाई गई गुरु नानक देव जयंती

# सिर पर केसरिया पगड़ी और हाथों में निशान साहिब लिए लगाये वाहेगुरु के जयकारे






हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ

नगर में गुरु नानक देव की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। जिसमें सुबह प्रभातफेरी निकाली गईं और गुरुद्वारे में कीर्तन और गुरुवाणी का पाठ किया गया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से कीर्तन गाते हुए गुरु नानक देव जी के जीवन और शिक्षाओं को याद किया।

सुबह के समय सिंधी गुरुद्वारा से प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने सिर पर केसरिया पगड़ी और हाथों में निशान साहिब लिए हुए वाहेगुरु और सतनाम के जयकारे लगाए। गुरुद्वारे में कीर्तन और गुरुवाणी का पाठ किया गया। नायकों का मोहल्ला स्थित गुरुद्वारे में गुरुवाणी का पाठ किया गया। सिंधी धर्मशाला और गुरुद्वारे में सुबह से कीर्तन और गुरुवाणी पाठ का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से कीर्तन गाते हुए गुरु नानक देव जी के जीवन और शिक्षाओं का स्मरण किया। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि गुरु नानक देव जी ने हमें सिखाया है कि नाम जपो, किरत करो व वंड छको। उनकी वाणी एक ओंकार सतनाम ही सम्पूर्ण मानवता को एकता, प्रेम और समानता का सन्देश देती है। हम प्रार्थना करते है कि गुरु नानक देव जी के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और आत्मिक प्रकाश बना रहे। इसके बाद दोपहर 2 बजे से भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। महिलाओं और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। तुलसीदास भगत एवं महिलाओं द्वारा रात में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। गुरु नानक देव जी की जयंती अवसर पर सिंधी धर्मशाला और गुरुद्वारे को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया। प्रभातफेरी में आगे चल रही महिलाओं ने सड़क पर झाड़ू लगाकर सफाई का कार्य किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु गुरु नानक देव की शिक्षाओं का स्मरण करते हुए अपने घरों और मार्गों पर पहुंचे।

# स्वच्छ पार्क अभियान के तहत निखरा नाथूराम बाल्मीकि पार्क

#### कलेक्टर के निर्देश पर नपा का डीप क्लीनिंग अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश अनुसार नगर पालिका द्वारा शहर के पार्कों और मुक्तिधामों की साप्ताहिक डीप क्लीनिंग अभियान के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में लगातार कदम उठाये जा रहे हैं। जिसके तहत शहर में डीप क्लीनिंग अभियान जारी है। इसके अलावा पार्कों व मुक्तिधाम परिसर की साफ सफाई, लाइटो का सुधारीकरण व रंग-रोगन कर सुंदरता बढ़ाई जा रही है। नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया के मार्गदर्शन में इस सप्ताह ढोंगा पानी की टंकी के पास स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. नाथूराम बाल्मीकि पार्क की व्यापक स्तर पर साफ सफाई कराई गई। अभियान के दौरान पार्क परिसर की रेलिंग और छतरी की पुताई व रंग-रोगन कराया गया। साथ ही बंद पड़ी लाइटों को सुधारकर पुनः चालू किया गया। नगर पालिका सीएमओ भदौरिया ने पार्क की सुंदरता और स्वच्छता बनाए रखने के लिये पार्क के कर्मचारियों को विशेष निर्देश दिए। नगर पालिका सीएमओ भदौरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल शहर को स्वच्छ रखना है, बल्कि नागरिकों में सार्वजनिक स्थानों के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना को जाग्रत करना भी है। इस अभियान के तहत शहर के पार्कों व मुक्तिधामों पर व्यापक साफ सफाई कराकर लाइटो को दुरुस्त किया जा रहा है। इसके अलावा पुताई व रंगरोगन कर परिसर की सुंदरता भी बढ़ाई जा रही है।

### डीएपी नगद खाद वितरण का किया निरीक्षण

# कलेक्टर श्रोत्रिय ने अचानक पहुंचे ग्राम गोर के गोदाम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के किसानो को सही समय पर खाद वितरण किये जाने की व्यवस्था बनाये जाने के बाद व्यवस्था का सतत निरिक्षण करने के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय अचानक ग्राम गोर मंडी परिसर में खाद वितरण केंद्र पर पहुंचे। जहाँ औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोर गोदाम से डीएपी व एनपीके खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने वितरण केंद्र पर उपस्थित किसानों से संवाद कर उनसे उनकी समस्याओ और वर्तमान खाद व्यवस्था को लेकर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया। जहाँ किसानों ने कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा खाद वितरण व्यवस्था को लेकर किये गये प्रयासों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि पूर्व में कायम व्यवस्था के चलते किसानो को टीकमगढ़ मंडी खाद लेने के लिये जाना पड़ता था। जिंसमे दरगांयखुर्द तथा मोहनगढ़-अचर्रा की टीकमगढ़ मंडी से दूरी होने के कारण नगद खाद लेने में समस्याओं का सामना करना पड़ता था। साथ ही टीकमगढ़ से खाद लाने में 50 रुपये प्रति बोरी परिवहन का अलग व्यय खर्च भी उठाना पड़ता था। लेकिन अब जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उक्त समस्या का निराकरण करते हुये संबंधित अधिकारियों द्वारा गोर मंडी से ही क्षेत्र के किसानो को खाद वितरण व्यवस्था की गईं है। जिससे नगद खाद वितरण प्रारंभ करने से मोहनगढ़, गोर, दरगांय और अचर्रा क्षेत्र के कृषकों को बहुत राहत मिली है।

#### रास्ते में रोककर युवक से मारपीट

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम रोंडा निवासी मोहन पुत्र फूलचंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार की रात करीब 9 बजे जब वह हाई-वे से घर जा रहा था कि तभी रास्ते में कलू पुत्र खुशीलाल यादव ने उसे रास्ते में रोक लिया और गालियां देने लगे। गालियां देने से मना करने पर कलू ने उसकेसाथ मारपीट करते हुये पत्थर से सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे उसके सिर पर चोट लग गयी और कान से खून आने लगा। वहीं हाथ-पैरों में भी चोटें आयीं हैं। बीच-बचाव करने पहुंचे संजू पुत्र काशीराम, बालकिशन व अभिषेक के साथ भी कलू व उनके भाई पहाड़सिंह व मौन सिंह पुत्रगण खुशीलाल ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी।

#### भैंस को पानी पिला रहे युवक को दी गालियां

ललितपुर। स्टेट बैंक के पीछे रहने वाली राजकुमारी पत्नी रामचरण कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि रविवार की शाम करीब साढ़े सात बजे उसका नाती नीरव अपने घर पर पालतू भैंसों को पानी पिला रहा था। तभी अचानक से शहनाज बानो उर्फ संजना सिंह, उसकी पुत्री व एक अज्ञात व्यक्ति साथ में आया और नाती से भैंस को अलग करने की बात कहते हुये सड़क किसी के बाप की नहीं है कहा। नाती ने भैंस को हटाने की बात कही, इस पर शहनाज ने साथ में मौजूद अज्ञात लड़के से लोहे की रॉड उठाकर लाने की बात कहते हुये गालियां दीं।

### कलेक्टर श्रोत्रिय की पहल से डीएमएफ से मिले 2 ट्रांसफॉर्मर, 15 दिन में होगा इंस्टालेशन

# अक्सर अंधेरे में डूबे रहने वाला कुंडेश्वर मार्ग रोशनी से जगमगाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

स्ट्रीट लाईट लगने के बाद भी पर्याप्त बिजली पावर न मिलने की बजह से अक्सर अँधेरे में डूबा रहने बाला कुंडेश्वर मार्ग का अंधेरा अब बीते दिनों की बात होने वाला है। क्योंकि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के सतत प्रयासों के चलते ज़िला खनिज प्रतिष्ठान डीएमएफ के माध्यम से दो नए ट्रांसफॉर्मर की स्वीकृति जारी हो गई है। जिससे अब आने वाले 15 दिनों में उक्त दोनों स्वीकृत ट्रांसफॉर्मर इंस्टॉल कर दिए जाएंगे, जिससे कुंडेश्वर सड़क स्थायी रूप से रोशनी से चमकने लगेगी। इसके अलावा अन्य क्षेत्रो में भी डीएमएफ से अन्य स्वीकृति कराई गई है जिससे विकास कार्य होने बाले है।





#### कलेक्टर श्रोत्रिय के प्रयासों से हुई थी बंद पड़ी स्ट्रीट लाईट चालू

कुंडेश्वर रोड पर स्थित बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट्स को कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा इसी वर्ष के जुलाई माह में चालू कराया था, लेकिन विद्युत लाइन में पर्याप्त पावर न होने से बार-बार लाइटें बंद हो रही थीं। उक्त स्ट्रीट लाइटो की सतत निगरानी कर रहे कलेक्टर श्रोत्रिय ने प्रयास करते हुए इस तकनीकी कमी को स्थाई रूप से दूर करने के लिये डीएमएफ से ट्रांसफॉर्मर स्वीकृत कराए। ताकि भविष्य में लाइट व्यवस्था स्थायी और सुचारू रूप से जारी रहे।

#### स्थानीय नागरिकों ने जताया आभार

कुंडेश्वर सड़क पर स्थित स्ट्रीट लाइटो के बंद और चालू होने की समस्या के समाधान की उक्त जानकारी ज़ब कलेक्टर श्रोत्रिय ने सोशल मीडिया के माध्यम से जनता से शेयर की टो कुंडेश्वर क्षेत्र के लोगों सहित सड़क पर आवागमन करने बालो ने कलेक्टर श्रोत्रिय के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य एक अधिकारी के द्वारा अपने कार्य की सतत निगरानी और सकारात्मक सोच व संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था कायम करने की प्रसंशनीय व सराहनीय मिसाल है। क्योंकि कुंडेश्वर मार्ग पर अब राहगीरों को सुरक्षित, रौशनीयुक्त और सुंदर मार्ग मिलेगा।

#### 4 कार्यों की दी गई प्रशासकीय वित्तीय स्वीकृति

कुंडेश्वर स्ट्रीट लाईट के लिये 2 ट्रांसफार्मर सहित 4 कार्यों की प्रशासकीय वित्तीय स्वीकृति दी गई है। जिसमें मध्यप्रदेश जिला खनिज प्रतिष्ठान द्वारा परीक्षण के बाद 3 उच्च प्राथमिकता एवं एक अन्य प्राथमिकता के कार्यों को करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें नगर पालिका टीकमगढ़ द्वारा 14.20 लाख रुपए की राशि से जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ के प्राईवेट वार्ड में 20 नग एसी लगवाये जाने है। इसके अलावा 12.39 लाख रूपये की राशि से टेगौर हॉल से कुण्डेश्वर धाम मार्ग में स्ट्रीट लाईट लगवाने की प्रशासकीय वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार लोक निर्माण विभाग द्वारा 2.25 लाख रूपये की लागत से शासकीय उत्कृष्ट हायर सैकेण्डरी स्कूल विवेकानंद सभागार की सीलिंग कार्य तथा 99.06 लाख रूपये की लागत से शासकीय कन्या उमावि नजरबाग के पुराना भवन के रिनोवेशन एवं क्षतिग्रस्त कक्षों का पुनः निर्माण कराया जाना है। उपरोक्त कार्यो पर खर्च होने वाली राशि जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से निकाली जायेगी।

#### क्या है जिला खनिज फाउंडेशन डीएमएफ की भूमिका

डीएमएफ अर्थात जिला खनिज फाउंडेशन की भूमिका और उद्देश्य उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण में विकास को बढ़ावा देना होता है। इसे खनिकों के योगदान से वित्तपोषित एक गैर-लाभकारी वैधानिक ट्रस्ट के रूप में स्थापित किया गया है। यह फाउंडेशन उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के विकास के लिए काम करता है, जिसमें पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा शामिल हैं। डीएमएफ नियमों के अनुसार कम से कम 60 प्रतिशत धनराशि को उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में खर्च करना अनिवार्य होता है।

## रामेश्वर सहित उतनवाड़ के ध्रुव कुंड और हथवारी की अहेली नदी में किया पवित्र स्नान

# कार्तिक पूर्णिमा पर त्रिवेणी संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सूर्योदय से पहले ही त्रिवेणी संगम तट पर हर-हर गंगे के उद्घोष के बीच मोक्ष की कामना को लेकर हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। स्नान के बाद मंदिरों में पूजा-अर्चना और दान-पुण्य किए। तड़के चार बजे से शुरू हुआ स्नान व दान-पुण्य के लिए श्रद्धालुओं के जुटने का क्रम शाम को त्रिवेणी संगम में दीपदान तक चला। यह नजारा बुधवार को चंबल, बनास और सीप नदियों के पवित्र त्रिवेणी संगम स्थल एवं भगवान परशुराम की तपोस्थली रामेश्वर धाम में कार्तिक पूर्णिमा के मुख्य स्नान पर्व पर नजर आया। कार्तिक मेले में मुख्य स्नान पर्व के मौके पर पुलिस प्रशासन की ओर से स्नान घाटों पर पुख्ता सुरक्षा प्रबंध रहे। करीब पौने दो सैकडा पुलिसकर्मी रामेश्वर मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात किए गए थे। उधर ध्रुव कुंड और हथवारी में भी श्रद्धालु पवित्र स्नान करने के लिए पहुंचे।

कार्तिक पूर्णिमा पर रामेश्वर धाम पर आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक मेले में श्रद्धालुओं का पहुचना मंगलवार से ही आरंभ हो गया था, लेकिन श्रद्धालुओं का आस्था का सैलाब बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के मुख्य स्नान पर्व के दौरान देखने को मिला।त्रिवेणी संगम में स्नान का सिलसिला सुबह तडके चार बजे से ही प्रारंभ हो गया, जो दिनभर चला और त्रिवेणी किनारे हर-हर गंगे की गूंज सुनाई दी। पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर और रामेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की और दान पुण्य भी किए। इसके बाद मेले में घूमकर मेले का आनंद लिया और दुकानों से अपने जरूरी सामानों की खरीदादरी की। कई श्रद्धालु नौका विहार का आनंद लेते हुए त्रिवेणी संगम के दूसरी पार भी पहुंचे। जहां उन्होंने परशुराम घाट पर स्नान किया और फिर वहां भगवान चतुर्भुज नाथ के मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ प्राप्त किया। श्रद्धालुओ को नदी के दूसरी पार ले जाने के लिए एक नाव चल रही थी,जिसमें श्रद्धालुओं पुलिस की सख्ती के चलते जेकेट पहनकर यात्रा कर रहे थे। मेले में जिला प्रशासन सहित जनपद प्रशासन और पुलिस के अधिकारी निगरानी कर रहे थे।






### हथवारी और ध्रुव कुंड में भी किया स्नान



कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को रामेश्वर त्रिवेणी संगम के साथ ही बड़ौदा तहसील क्षेत्र के अहेली और रातड़ी नदी के संगम पर स्थित हथवारी और ग्राम उतनवाड़ के ध्रुव कुंड पर भी पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालु पहुंचे। यहां भी धार्मिक मेलों का आयोजन हुआ और बडी संख्या में श्रद्धालु यहां पवित्र स्नान करने के लिए पहुंचे।



### मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर व विरासत के प्रतीकःरीना

मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर व विरासत के प्रतीक हैं। इन्हें सहेज कर रखने की जरूरत है। मेलों के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ-साथ आपसी प्रेम व भाईचारे की भावना विकसित होती है। वहीं ग्रामीण अंचलों के लोगों को मेलों में घरेलू उपयोग की वस्तुएं एक ही स्थान मिलने के साथ-साथ मनोरंजन का भी बेहतर विकल्प मिलता है। यह बात जनपद पंचायत श्योपुर की अध्यक्ष रीना मीणा ने बुधवार को रामेश्वर मेले का मुख्य अतिथि की आसंदी से फीता काटकर शुभारंभ करते हुए कही। एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। जबकि मेला अध्यक्ष रामपति-बल्लू गुर्जर, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ उपाध्याय, जनपद सीईओ श्योपुर एसएस भटनागर, युवा कांग्रेसी नेता आशीष मीणा, जनपद सदस्य हरिओम मीणा सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## किसान ने बिजली कंपनी पर लोड बढ़ाकर बिल देने का आरोप लगाते हुए दी थी आत्महत्या की चेतावनी

# सुधारा किसान का बढ़ा हुआ बिल ओटीएस समाधान का भी मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रायपुरा के जिस किसान ने बिजली कंपनी पर तानाशाही पूर्वक मनमाना बिल देने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या की धमकी दी थी, उस किसान का बिल बिजली कंपनी ने कम कर दिया है। साथ ही एक मुश्त बकाया राशि जमा करने पर ओटीएस समाधान योजना का लाभ देने का आश्वासन भी दिया गया है। ज्ञात हो कि 4 नवंबर के अंक में ₹बिजली कंपनी पर तानाशाही करने का आरोप लगाकर किसान ने दी आत्महत्या की चेतावनी₹ नामक शीर्षक से हरिभूमि ने प्राथमिकता के साथ समाचार प्रकाशित किया था। इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बिजली कंपनी के महा प्रबंधक लक्ष्मीनारायण पाटीदार को मामले में बिल सुधारने के निर्देश दिए थे जिसके बाद बिजली कंपनी ने सबंधित किसान का बिल सुधारकर 22 एचपी से घटाकर भार 11 एचपी कर दिया है।

**खबर का असर**


### बिजली कंपनी पर तानाशाही करने का आरोप लगाकर किसान ने दी आत्महत्या की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बे मौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों को देखकर सिरसौद में आत्महत्या कर लेने वाले किसान का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब रायपुरा के एक किसान ने बिजली कंपनी पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए आत्महत्या की चेतावनी दे डाली है। यह चेतावनी उसने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालकर दी है, जिसमें बिजली कंपनी पर भार से अधिक बिल देने और जबरिया वसूली करने का आरोप लगाया है।

शहर के नजदीकी गांव रायपुरा निवासी मांगीलाल नामक एक बिजली उपभोक्ता ने सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर डाला है जिसमें वह बोलता दिख रहा है कि उसकी 3 बीघा जमीन में धान की फसल खड़ी थी जो बारिश से बर्बाद हो गई है। उसके खेत में 8 एचपी की मोटर लगी हुई थी पर बिजली कंपनी ने जबरिया 22 [illegible] भार बताकर उसे भारी भरकम बिल थमा [illegible] शिकायत नहीं सुनने पर उसने सीएम [illegible]लाइन लगा दी सीएम हेल्पलाइन पर हुई शिकायत के बाद हुए परीक्षण में मोटर का भार 11 एचपी निकलकर आया जो में जमा करने को तैयार भी था लेकिन अधिकारी अपनी ही जांच को भी नहीं मान रहे हैं और जबरिया 22 एचपी का दिए गए भार के आधार पर बिल जमा करने पर दबाव डाल रहे हैं। किसान ने आरोप लगाया कि वह बिजली कंपनी के अधिकारियों की तानाशाही से परेशान हो चुका है अगर उसका बिल सात दिवस के अंदर नहीं सुधारा गया तो वह उसी बिजली के खंभे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेगा जिससे उसकी लाइट जुड़ी हुई है। इस संबंध में बिजली कंपनी के महाप्रबंधक लक्ष्मीनारायण पाटीदार का कहना है कि मेरे सामने इस तरह का कोई वीडियो नहीं आया है,लेकिन फिर भी इस मामले की जानकारी लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सोमवार को मांगीलाल नामक एक बिजली उपभोक्ता ने सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर डाला था जिसमें वह बोलता दिख रहा है कि उसकी 3 बीघा जमीन में धान की फसल खड़ी थी जो बारिश से बर्बाद हो गई है। उसके खेत में 8 एचपी की मोटर लगी हुई थी पर बिजली कंपनी ने जबरिया 22 एचपी का भार बताकर उसे भारी भरकम बिल थमा दिया। इसकी शिकायत नहीं सुनने पर उसने सीएम हेल्पलाइन लगा दी सीएम हेल्पलाइन पर हुई शिकायत के बाद हुए परीक्षण में मोटर का भार 11 एचपी निकलकर आया जो में जमा करने को तैयार भी था लेकिन अधिकारी अपनी ही जांच को भी नहीं मान रहे हैं और जबरिया 22 एचपी का दिए गए भार के आधार पर बिल जमा करने पर दबाव डाल रहे हैं। किसान ने आरोप लगाया था कि वह बिजली कंपनी के अधिकारियों की तानाशाही से परेशान हो चुका है अगर उसका बिल सात दिवस के अंदर नहीं सुधारा गया तो वह उसी बिजली के खंभे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेगा जिससे उसकी लाइट जुड़ी हुई है। हरिभूमि में समाचार प्रकाशन और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा लिए गए संज्ञान पर बिजली कंपनी के महाप्रबंधक ने संबंधित किसान का भार 22 एचपी से घटाकर 11 एचपी करवा कर संशोधित बिल जारी कर दिया साथ ही एक मुश्त बकाया राशि जमा करने पर ओटीएस समाधान योजना का लाभ देने का आश्वासन भी दिया है।

## प्रकाश पर्व के रूप में मना गुरुनानक देव का जन्मोत्सव

# सजा दीवान लगा लंगर, हजारों ने पाई प्रसादी, कलेक्टर ने भी टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



सिख धर्म के प्रथम गुरु, गुरुनानक जी का 556 व जन्मोत्सव बुधवार को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित गुरुद्वारे पर दिनभर कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें चले लंगर में हजारों ने पहुंचकर प्रसादी पाई और इस दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा ने भी गुरुद्वारा पहुंचकर दीवान साहब के आगे शीश नवाया और जिले एवं किसानों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

बुधवार को गुरु नानक जी का जन्म स्थल जिले भर में प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न गांव में स्थित गुरुद्वारों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित गुरुद्वारा पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बाहर से आए सिख संगत के लोगों ने शबद कीर्तन का आयोजन किया। इस दौरान सिख संगत द्वारा दीवान साहब को सजाया गया था जिनके दर्शन करने और मत्था टेकने वालों की भीड़ दिनभर लगी रही। दीवान साहब के आगे मत्था टेकने वालों में कलेक्टर अर्पित वर्मा भी शामिल थे जिन्होंने गुरुद्वारा पहुंचकर सिख संगत एवं बाबा जी से मुलाकात की इस दौरान चले लंगर में हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसादी पाई।

## कल बाजार बंद कराकर फसल बीमा और मुआवजा की मांग करेगा किसान संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भारतीय किसान संघ ने प्रशासन पर खराब फसल का सर्वे कराने के नाम पर खानापूर्ति करने का आरोप लगाते हुए बारिश से बर्बाद हुई धान की फसल का मुआवजा दिलाने और फसल बीमा के साथ ऋ़ण माफी की मांग को लेकर सात नवंबर शुक्रवार को शहर का बाजार बंद कराने का एलान कर दिया है। भारती किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि फसल बर्बादी का दंश झेल रहे जिले के किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ और मुआवजा के साथही किसानों के ऋ़ण को माफ किए जाने की मांग को लेकर 7 नवंबर को शहर के बाजार के बंद कराकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपेगा और इन मांगो को पूरा कराए जाने के लिए जोरदारी से आवाज उठाएगा। उन्होंने जिले के किसानों से शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### अनियमित भुगतान प्राप्त करने के मामले में शिक्षक निलंबित

श्योपुर ।कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा प्राथमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक विद्यालय बागल्दा कैलाश पारगी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की गई है। जारी आदेश के अनुसार कैलाश पारगी प्राथमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक विद्यालय बागल्दा की पत्नि के बैंक खाते में अतिथि शिक्षको का मानदेय, कर्मचारियों एक एरियर एवं छात्रवृति की राशि आदि अनियमित भुगतान होना पाया गया। इस संबंध में पारगी अथवा उनकी पत्नि द्वारा कभी भी वरिष्ठ कार्यालय या सक्षम अधिकारी को अवगत नही कराया गया एवं कथन के उल्लेखित तथ्य कि उनके खाते में जमा राशि तत्कालीन प्राचार्य को तदसमय ही प्रदाय कर दी गई थी, के संबंध में साक्ष्य प्रास्तुत नही किया गया। इस प्रकार पारगी द्वारा संकुल प्राचार्य की मिली भगत से स्वयं की पत्नि के खाते में अनियमित भुगतान प्राप्त कर शासन को हानि पहुंचाई गई है। इस पर उनके विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है। डीईओ एमएल गर्ग ने बताया कि संबंधित तत्कालीन संकुल प्राचार्य शासकीय उमावि मकडावदा कलां जितेन्द्र बित्तल को पूर्व में ही निलंबित किया जा चुका है।

# भैंस चोरी करने के मामले में फरार 3 आरोपी पुलिस ने दबोचे, वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भैस चोरी के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को रघुनाथपुर थाना पुलिस ने अरेस्ट करके जेल भेज दिया है। साथही वह वाहन भी पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बरामद कर लिया है,जिसके द्वारा भैस चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। रघुनाथपुर थाना प्रभारी डीएस मालवीय ने बताया कि 28-29 अक्टूबर की रात को रघुनाथपुर थाना क्षेत्र स्थित बंजारोकापुरा से 5 भैसे चोरी हो गई थी। भैस मालिक की रिपोर्ट पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर 2 भैस चोरो संजू गुर्जर निवासी घूघस और सोहेल खान निवासी घुर्रा थाना बागचीनी जिला मुरैना को दबोच लिया गया, लेकिन तीन भैस चोर मेहरबान रावत निवासी दौलपुरा, इरफान खान निवासी घुर्रा थाना बागचीनी, कल्ला खान निवासी घुर्रा थाना बागचीनी जिला मुरैना किसी तरह भागने में सफल हो गए थे। इन तीनों भैस चोरों को मुखबिर की सूचना पर बुधवार को दबिश देकर अरेस्ट कर लिया और सभी भैसे बरामद करने के बाद इन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।




### सात साल से लापता बनी महिला को गसवानी पुलिस ने ढूंढ निकाला

श्योपुर। सात साल से लापता बनी एक महिला और उसके बच्चे को गसवानी थाना पुलिस ने ढूंढकर बरामद कर लिया है। बता दें कि ग्राम नहरखेडा में अपने माता पिता के घर पर रहने वाली एक विवाहिता युवती अपने बच्चे के साथ वर्ष 2018 में अचानक घर से लापता हो गई थी। उस समय युवती के भाई ने गसवानी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तब से ही पुलिस युवती और उसके बच्चे को तलाश कर रही थी,गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत ने बताया कि लापता बनी ललिता परिहार और उसके बच्चे को ढूंढकर राजस्थान से बरामद कर लिया है।

# डॉ. हेडगेवार जैसी देशभक्ति हर स्वयंसेवक में नजर आनी चाहिए



## शहर में निकला बाल पथ संचलन, घोष की थाप पर बाल स्वयंसेवकों ने मिलाए कदम ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की श्योपुर नगर इकाई ने बुधवार को शहर श्योपुर में गुरूनानक देव की जयंती पर बाल पथ संचलन निकाला। जिसमें शहर के विद्यार्थी स्वयंसेवक बडी संख्या में शामिल होकर घोष की थाप पर कदम ताल मिलाते और शहरवासियों में देश भक्ति का जागृत करते नजर आए।

दरअसल इन दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को शालेय विद्यार्थी बाल पथ संचलन का आयोजन किया गया। बाल पथ संचलन के लिए नगर के सभी स्कूली बाल स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण बुधवार की शाम 5 बजे शहर के शिवपुरी रोड स्थित श्री रामतलाई हनुमान मंदिर प्रांगण में हुआ।

जहां जिला शालेय विद्यार्थी प्रमुख हिमांशु शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में सह विभाग कार्यवाह गौरव गुप्ता मुख्य वक्ता और नगर संघ चालक सुरेन्द्र बंसल मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन थे। बौद्धिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सह विभाग कार्यवाह गौरव गुप्ता ने कहा कि आज से 100 साल पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना करने वाले डॉ हेडगेवार जन्मजात देशभक्त थे। बाल्यकाल से ही विलक्षण नेतृत्व क्षमता के धनी थे। उनके जैसी देशभक्ति हर स्वयंसेवक में नजर आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब लोग अनुशासन, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी के मार्ग पर चलेगे तो राष्ट्र भी प्रगति के पथ पर निश्चित रूप से आगे बढेगा। उन्होंने गुरूनानक देव जी जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए लवकुश, धुरव,प्रहलाद आदि के जीवन से जुडी कहानिया सुनाई और उनके जीवन से भी प्रेरणा लेने के लिए उपस्थित स्वयंसेवको को प्रेरित किया।

बौद्धिक कार्यक्रम के बाद श्री रामतलाई हनुमान मंदिर से पथ संचलन आरंभ हुआ। जो जय स्तंभ चौक,गांधी पार्क और मुख्य बाजार होते हुए गणेश बाजार में पहुंचा। पथ संचलन में शामिल बाल स्वयंसेवकों का उत्साह देखते ही बन रहा था, घोष की थाप कदम ताल मिलाते हुए आगे बढ रहे बाल स्वयंसेवक शहरवासियों में देश भक्ति का जोश भी भरते नजर आ रहे थे। पथ संचलन शहर में जगह जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। पथ संचलन गणेश बाजार से मालियो के मंदिर, भोई मोहल्ला ,बडा इमामबाडा, मोती टिकिया के सामने, सूबात चौराहा, मैन बाजार होता हुआ वापस श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पर आकर सम्पन्न हुआ।

### एसपी ने की दो थाना प्रभारियों की अदला बदली

श्योपुर ।पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने पुलिसिंग में कसावट लाने के लिए जिले के दो थाना प्रभारियों की अदला बदली कर दी है। बुधवार को एसपी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार विजयपुर थाना प्रभारी राकेश शर्मा को विजयपुर से हटाकर वीरपुर थाने का प्रभारी बनाया गया है। वहीं वीरपुर थाना प्रभारी भारत सिंह गुर्जर को वीरपुर से हटाकर विजयपुर थाने का थाना प्रभारी बना दिया है।

### यहां की बंद रहेगी बिजली

श्योपुर। 6 नवंबर को किला फीडर से तथा 7 नवंबर को मुक्तिनाद नगर फीडर से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। प्रबंधक वितरण केन्द्र श्योपुर शहर ने बताया कि इसके चलते 6 नवंबर को कंडेल बाजार, भैसपाडा, किला बगीची, चतरदास जी का टीला, गुलैया मोहल्ला, गुलाब बाडी, हरिजन बस्ती, ईदगाह रोड, फदनपुरा क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। इसी प्रकार 7 नवंबर को वार्ड नंबर 14, 15, फक्कड चौराहा, गांधीनगर, कमालखेडी एवं आसपास के क्षेत्र में बिजली की सप्लाई बंद रहेगी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुभाग कराहल, जिला श्योपुर (म.प्र.)**

क्रमांक/रीडर/2025/2068
कराहल दिनांक 30/10/25
सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मनोज कुमार जाति वैश्य पिता श्री बाल कृष्ण जाति वैश्य निवासी ग्राम पनवाडा द्वारा ग्राम पनवाडा की भूमि सर्वे क्रमांक 21/3 रकवा 2.090 हेक्टे. भूमि पर अधीनस्थ न्यायालय द्वारा किये गये सीमांकन प्रकरण क्रमांक 41/अ-12/2025-26 में पारित आदेश दिनांक 26.06.2025 के विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया। जो प्रकरण क्रमांक 0025/ब-121/2025-26 प्रचलित है। प्रकरण में अनावेदक महावीर जाति सहरिया पुत्र अग्गा जाति सहरिया निवासी ग्राम पनवाडा को सूचना पत्र जारी किया गया, किन्तु ग्राम पनवाडा में नहीं मिला बताया गया कि गुजरात मजदूरी करने गया है, की टीप के साथ वापिस प्राप्त हुआ। अतः उक्त प्रकरण में अनावेदक महावीर जाति सहरिया पुत्र अग्गा जाति सहरिया निवासी ग्राम पनवाडा तहसील कराहल को सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 10.11.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन प्रस्तुत करें, अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग कराहल**

## 2003 की मतदाता सूची से नामों के मिलान का काम जारी

# फिलहाल होमवर्क में जुटे हैं बीएलओ, खुद अपडेट कर रहे सूची, फिर पहुंचेंगे घर घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एसआईआर का दूसरा चरण का पूरा शेड्यूल शुरू हो गया है। प्रिंटिंग और ट्रेनिंग का काम 28 अक्टूबर 2025 से 3 नवंबर 2025 तक पूरी कर ली गई है। अब 4 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से जानकारी जुटाने का काम किया जाना है लेकिन पहले दो दिन (4 और 5 नवंबर को) कोई भी बीएलओ ने किसी भी मतदाता के घर दस्तक नहीं दी है। इसका कारण बीएलओ को निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई 2003 की मतदाता सूची से वोटर्स के नाम का मिलान 2025 की सूची से खुद करना बता रहे हैं ताकि मतदाता के पास पहुंचने के बाद उन्हें ओर मतदाता दोनों को पुरानी मतदाता सूची से नई मतदाता सूची के मिलान करने में परेशानी न आए।

एक बीएलओ ने बताया कि उन्हें निर्वाचन आयोग से निर्देश मिले हैं कि वे चार नवंबर से 4 दिसंबर तक घर-घर पहुंच कर मतदाताओं के नाम का मिलान 2003 की मतदाता सूची से 2025 की मतदाता सूची का मिलान करेंगे लेकिन जिस तरह सोशल मीडिया पर चर्चाएं चल रही हैं उससे प्रतीत हो रहा है कि लोग बेवजह ही इस प्रक्रिया से पैनिक हो रहे हैं लोग पैनिक न हो उन्हें आसानी से प्रक्रिया पूरी कराई जाए इसके लिए समझाइश तो दी ही जा रही है साथ ही जब मतदाता के घर बीएलओ पहुंचे तो उसे रिकॉर्ड खंगालने में परेशानी न हो इसलिए बीएलओ पहले से ही मतदाता की मदद के लिए रिकॉर्ड को दुरुस्त कर रहे हैं जिन लोगों की सूची 2003 से 2025 में मिलान हो रहा है या नए मतदाताओं के पिता दादा जैसे परिवार के सदस्यों के नाम 2003 की सूची में मिल रहे हैं उन्हें बीएलओ पहले से ही दुरुस्त कर रहे हैं ताकि संबंधित मतदाता से प्रपत्र भरकर हस्ताक्षर कराए जा सके।



### माता पिता से दूर रहने वाले मतदाताओं को देना होगा सबूत

एसआईआर कार्यक्रम के तहत 2003 की मतदाता सूची से 2025 की मतदाता सूची में मतदाता का मिलान करने का काम हालांकि बीएलओ दिन रात जागकर कर रहे हैं, ताकि जब वह मतदाता के घर पहुंचे तो उन्हें नाम तलाशने के लिए मतदाता सूची के पन्ने न पलटने पड़े, कागज न मांगने पड़े पर ऐसे मतदाता जो अपने माता-पिता के साथ नहीं रहते हैं उन्होंने वार्ड या जिला बदल दिया है उन्हें जरूर परेशानी आएगी क्योंकि ऐसे मतदाताओं को दूसरे वार्डो और दूसरे जिलों की 2003 की मतदाता सूची में उनके पिता या दादा अथवा जिनकी मान्यता है का नाम मांगा जाएगा। तब ऐसे मतदाता को 2003 की सूची खंगालना पड़ेगी।

### कौन से दस्तावेज होंगे जरूरी?

- केंद्र या राज्य सरकार पीएम के स्विमित कर्मचारी वा पेंशनर्स को जारी कोई भी पहचान पत्र वा पेंशन भुगतान आदेश।
- सरकारी या स्थानीय प्राधिकरणों, बैंकों, कपरी, एलआईसी का पीएसयू द्वारा जुलाई 1987 पहले जारी किया आदेश
- जन्म प्रमाणपत्र जो किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी हो।
- पासपोर्ट। मैट्रिकुलेशन या शैक्षणिक प्रमाणपत्र जो किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया हो।
- स्थायी निवास प्रमाणपत्र जो राज्य प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया हो।
- भूमि या मकान जावंटन प्रमाणपत्र, जी सरकार द्वारा जारी किया गया हो।
- आधार कार्ड से जुड़ी आयोग की दिशा-निर्देश के अनुसार लागू होंगे।

### एसआईआर का पूरा कार्यक्रम

—4नवंबर से 4दिसंबर तक बीएलओ घर घर जाकर करेंगे सर्वे

—9 दिसंबर 2015 को साफ्ट वोटर लिस्ट जारी होगी

—4 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 के बीच दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकेंग

—9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच वेरिफिकेशन

—7 फरवरी 2026 को फाइनल बोटर लिस्ट आ जाएगी

### बालिका सुरक्षा और अपराध रोकने के लिए ऑपरेशन मुस्कान का किया आयोजन

# सोशल मीडिया पर अज्ञात से चैटिंग न करें और किसी के भी प्रलोभनों से सावधान रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



बालिकाओं की सुरक्षा व उन पर होने बाले अपराधों पर रोक लगाने के लिये पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में गत रोज जिले के पिछोर में ऑपरेशन मुस्कान के तहत एसडीओपी पिछोर एवं थाना भौंती द्वारा पीएम श्री हायर सेकेन्ड्री स्कूल मे जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विशेष पुलिस महानिदेशक (महिला सुरक्षा शाखा) पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशो के पालन एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में गुम बालक, बालिकाओ की दस्तयावी एवं विद्यालयों में दिनांक-01.11.25 से 30.11.25 तक जागरूकता हेतु ₹ऑपरेशन मुस्कान₹ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शिवपुरी पुलिस द्वारा जिला स्तर पर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

इसी क्रम मे 04.11.2025 को एसडीओपी पिछोर शप्रशान्त शर्मा तथा निरीक्षक मनोज सिंह राजपूत थाना प्रभारी भौंती द्वारा आपरेशन के तहत पीएम श्री हायर सेकेन्ड्री स्कूल भौंती में जाकर छात्र छात्राओं को बालक बालिकाओ पर घटित होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी दी तथा बैड टच, गुड टच, बाल शोषण, डायल 112 एवं 1090 चाइल्ड हेल्प लाइनों के नम्बरो के बारे में जानकारी दी तथा सोशल मीडिया पर किसी अज्ञात व्यक्ति से चैटिंग तथा सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा दिये गये प्रलोभनो से बचने के उपाय बताये गये। इस कार्यक्रम में स्कूल के स्टाफ सहित करीबन 200-250 छात्र छात्राएं शामिल थे।

## ऑपरेशन मुस्कानः पुलिस का जागरुकता अभियान जारी शॉर्ट फिल्म दिखाकर दी गुड टच-बैड टच और साइबर अपराध की जानकारी



**शिवपुरी।** बालिकाओं की सुरक्षा और उन पर होने वाले अपराधों की रोकथाम को लेकर पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत शिवपुरी पुलिस ने मंगलवार को जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। जिला मुख्यालय पर डीएसपी (महिला सुरक्षा) एवं महिला थाना प्रभारी सोनम रघुवंशी की टीम ने गीता पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को गुड टच-बैड टच, पॉक्सो एक्ट और साइबर अपराधों की जानकारी दी। बच्चों को ह्लकोमलह्व नामक शॉर्ट कार्टून फिल्म और अन्य शॉर्ट मूवी के माध्यम से बाल शोषण, ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग और अश्लील चित्रण के दुष्परिणाम बताए गए। इसी तरह एसडीओपी कोलारस संजय मिश्रा, पिछोर प्रशांत शर्मा और पोहरी आनंद राय सहित जिले के सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के विद्यालयों में छात्रों को सुरक्षित रहने के उपाय समझाए। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी पुलिस अधिकारियों से सवाल पूछे और बाल सुरक्षा से जुड़ी जानकारियाँ प्राप्त कीं।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत करैरा पुलिस ने नई बस्ती में महिलाओं व बच्चों को किया जागरूक, दिया सुरक्षा का संदेश



करैरा। पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2025 से 30 नवंबर 2025 तक ऑपरेशन मुस्कान अभियान संचालित किया जा रहा है इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं कएसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ (आईपीएस) के निर्देशन तथा थाना प्रभारी करैरा टीआई विनोद सिंह छाबई के नेतृत्व में पुलिस थाना करैरा की टीम ने आज शासकीय अस्पताल के पास नई बस्ती करैरा में जाकर महिलाओं, पुरुषों, बालक-बालिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान एसआई अंजली सिंह एवं एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ने उपस्थित लोगों को बताया कि अपने बच्चों को अपराधियों से सतर्क व सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है उन्होंने बाल अपहरण, साइबर फ्रॉड, बाल विवाह, दहेज प्रथा, गुड टच-बैड टच, और नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा अपराधियों से सावधान रहने की समझाइश दी। इसके साथ ही दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय भी बताए गए पुलिस टीम ने उपस्थित नागरिकों को महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस हेल्पलाइन 112, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के नंबरों की जानकारी दी तथा सुरक्षा और जागरूकता संबंधी पंपलेट्स वितरित किए। कार्यक्रम में पुलिस थाना करैरा की टीम से उप निरीक्षक अंजली सिंह, सहायक उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंह यादव, महिला आरक्षक नीलम परिहार, आरक्षक चालक राघवेंद्र यादव, एनआरएस प्रहलाद यादव एवं अनिकेत सिंह शामिल रहे.!!



### कलेक्टर ने कराया भौतिक सत्यापन

## जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत घर-घर मतदाता सत्यापन का अभियान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

निर्वाचन आयोग भारत द्वारा मप्र में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत 4 नवम्बर 2015 से 4 दिसम्बर 2025 तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा। इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (इछड) मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता आयु एवं अन्य विवरणी का भौतिक सत्यापन करेंगे। इसी क्रम में गत रोज कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा भी स्थानीय बीएलओं के समझ अपने नाम की मेपिंग का कार्य कराया गया। बीएलओ द्वारा 2003 की मतदाता सूची से कलेक्टर श्री चौधरी के नाम का मिलान प्रिंटेड एन्यूमोशन फॉर्म से कर भौतिक सत्यापन का कार्य पूर्ण किया।

कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग करें। जब बीएलओ आपके घर पहुँचे, तो सटीक एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएँ। यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नागरिकों के सहयोग से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित हो तथा कोई अपात्र प्रविष्टि मतदाता सूची में न रहे।

इसके साथ ही जिन परिवारों में कोई नया सदस्य 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है, उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा। यदि किसी परिवार के सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो तो उसकी जानकारी भी बीएलओ को दें ताकि सूची से भाग विलोपित किया जा सके। घर-घर सत्यापन के बाद 9 दिसंबर 2025 को प्रारूप (ऊशं*) मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। नागरिक 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक अपने नाम संबंधी दावा या आपति दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

## खाद्य विभाग शिवपुरी टीम ने खनियाधाना में अवैध गैस रिफिलिंग करने वालों पर की कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देश पर अवैध गैस सिलेण्डरों के दुरुपयोग व अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध खाद्य विभाग शिवपुरी की टीम ने खनियाधाना क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई की है। खाद्य विभाग की टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर अवैध गैस रिफिलिंग में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए। जांच के दौरान विभागीय दल में जिला आपूर्ति अधिकारी तुलेश्वर कुर्रे, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जगदीप सिंह, सहयोगी नरेश यादव तथा मां वैष्णवी गैस एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इनके द्वारा नरेंद्र रजक, हनी गैस सर्विस बस स्टैंड खनियाधाना से 6 सिलेण्डर, राजू मिष्ठान भण्डार से 1 सिलेंडर, प्रिया इलेक्ट्रिकल्स से 1 सिलेंडर तथा मुस्कान फिलिंग स्टेशन से 2 सिलेंडर इस प्रकार कुल 10 सिलेण्डर जप्त किए गए। जिला आपूर्ति अधिकारी तुलेश्वर कुर्रे ने बताया कि सभी जप्त गैस सिलेण्डरों को नियमानुसार मां वैष्णवी गैस एजेंसी खनियाधाना की सुपुर्दगी में रखा गया है। संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण) नियमन आदेश, 2000 का उल्लंघन करने पर कार्यालय कलेक्टर जिला शिवपुरी को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

## मप्र निःशक्तजन आयोग के नवनियुक्त आयुक्त ने शिवपुरी कलेक्टर से भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



मध्य प्रदेश निशक्तजन आयोग के नव नियुक्त आयुक्त डॉ.अजय खेमरिया ने कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी से सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात के दौरान डॉ.खेमरिया ने शिवपुरी जिले में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और उनके संरक्षण के लिए उपलब्ध सुरक्षा उपायों को लेकर और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही निशक्तजनों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने जिले में निशक्तजनों के लिए समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही।



## मुस्कान अभियान के तहत स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस विभाग द्वारा जिले मे एसपी राजीव मिश्रा एवं एएसपी गजेद्र कँवर के निर्देशन मे चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे मुस्कान अभियान के तहत शहर के तायड़े कॉलोनी स्थित गुरुकुल नवचेतन विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। जिसमें नाबालिक बच्चों में घटित घटनाओं को लेकर समस्त बच्चों को थाना कोतवाली से एसआई पूजा रघुवंशी द्वारा सभी बालक बालिकाओं को गुड टच बेड टच की जानकारी दी।

इसके साथ ही नाबालिक बालक बालिकाओं में हो रहे अपराधों से बचने की जानकारी दी ओर अपराधों से कैसे दूर रहना चाहिए एवं सोशल मीडिया के दुष्परिणाम उसके दुरुपयोग से बचाव के मोबाइल से दूर रहकर अपनी पढ़ाई में ध्यान आकर्षित करने हेतु प्रेरित किया। लड़का लड़की में भेदभाव रहित समानता के प्रति जानकारी दी बालिकाओं को किसी के बहकावे में ना आने की बात कही आज के समय में लगभग थानों में नाबालिक बालक बालिकाओं की कि अत्यधिक देखने में आ रहे हैं जिसके तहत पुलिस विभाग द्वारा जिले यह मुस्कान अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा जिसकी संपूर्ण जानकारी विद्यालय के कक्षा 5 से 12बी के विद्यार्थियों को दी गई। इस कार्यक्रम में अशोकनगर कोतवाली से एस आई पूजा रघुवंशी, रविंद्र शर्मा एवं विद्यालय से गिर्राज शर्मा, प्राचार्य मोनिका शर्मा अखिलेश श्रीवास्तव, संगीता देशपांडे, किलविंदर कौर, नैना कौर ,रितिका लोधी, अमित परचइयां, वीरेंद्र चंदेल,संजू लोधी, भारती रघुवंशी, अरुण नामदेव, दुष्यंत मौर्य, संजना ओझा, अमीषा जैन, मुस्कान ओझा, पूनम जैन, तनु साहू, मुस्कान जैन समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### डबिया से बलारी माता दरबार तक हजारों श्रद्धालुओं का प्रवाह, गूंजे जयकारे

# सहरिया क्रांति की 30 किमी चुनरी यात्रा ने जगाई धर्म चेतना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



जिले अंतर्गत करई मे सहरिया समाज में धर्म चेतना का प्रवाह लगातार प्रबल होता दिखाई दे रहा है। सनातन परंपराओं, देवी-देवताओं के प्रति श्रद्धा और अपने मूल सांस्कृतिक स्वरूप की ओर लौटने की यह लहर अब जनांदोलन का रूप ले चुकी है। इसी कड़ी में गत दिवस सहरिया क्रांति परिवार द्वारा अब तक की सबसे विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया, जो सुबह 9 बजे ग्राम डबिया से प्रारंभ होकर 30 किलोमीटर दूर स्थित माँ बलारी के पावन धाम तक पहुँची।

इस यात्रा में बिना चप्पल-जूते के नंगे पैर चलकर श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था और भक्ति की शक्ति का दर्शन कराया। यात्रा की शुरुआत में ही वातावरण में गूँजते जय माता दी, माता रानी की जय, सहरिया क्रांति जिंदाबाद के नारों ने गाँव-गाँव की धरती को भक्ति की तरंगों से भर दिया। हजारों की संख्या में बच्चे, बुजुर्ग, युवा, माताएँ और बहनें भक्ति-भाव से धर्मध्वजाएँ थामे, सामूहिक स्वर में माता के भजनों का गायन करते हुए कदम-दर-कदम आगे बढ़ते रहे। रास्ते में जो भी गाँव और बस्तियाँ पड़ीं, वहाँ के आदिवासी परिवार श्रद्धा से नंगे पाँव यात्रा में शामिल होते चले गए। देखते ही देखते यात्रा लगभग 5 किलोमीटर लंबी विशाल आस्था की धारा में परिवर्तित हो गई। रास्तेभर भरकुली, सुरवाया, भदाबावड़ी, करई और आसपास के ग्रामीणों ने माता के भक्तों के स्वागत हेतु पंडाल लगाकर फल, प्रसाद, और जलपान की व्यवस्था की थी। गाँव की स्त्रियाँ थालियों में अक्षत, दीप, रोली और नारियल लेकर द्वार-द्वार से भक्तों का अभिनंदन करती नजर आईं। यह दृश्य बताता है कि आस्था जब जन-जन में समाहित हो जाती है, तो वह केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं रह जाती, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का उत्सव बन जाती है।

यात्रा का सबसे आकर्षक केंद्र रहे ऊधम आदिवासी, जिन्होंने डबिया मंदिर से ही पेट पर नेज़ा (धार्मिक व्रत) बाँधकर लगातार पैदल चलते हुए माँ के दरबार पहुँचने का अद्भुत संकल्प लिया। उनका यह आत्मबल, भक्ति और तप देखकर हजारों श्रद्धालुओं की आँखें नम हो उठीं और सभी ने उनकी आस्था को प्रणाम किया। पूरी यात्रा में सहरिया क्रांति परिवार और सरपंच संघ के सेवादार दौड़-दौड़कर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को फल, जल और छाछ वितरित करते नजर आए। सेवा की यह भावना, बिना किसी अहंकार और स्वार्थ के, आयोजन की आत्मा थी। इस विशाल आयोजन में सहरिया क्रांति संयोजक संजय बेचैन, विजय भाई आदिवासी, औतार आदिवासी, अनिल आदिवासी, मक्खन आदिवासी, कल्याण आदिवासी, अजय आदिवासी, भदौरिया आदिवासी, राजकुमार आदिवासी, प्रदीप आदिवासी, सावदेश आदिवासी, केशव आदिवासी, राज आदिवासी, हजरत आदिवासी सहित सैकड़ों जिम्मेदार साथियों ने व्यवस्था को निरंतर सुचारू ढंग से संभाला। इसी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की श्रृंखला में अब त्रिदिवसीय महायज्ञ और देवी अनुष्ठान का आयोजन ग्राम डबिया पीपल वाले श्री हनुमानजी एवं काली माता मंदिर परिसर में किया जा गया। सोमवार 3 नवंबरः कलश यात्रा और हवन,मंगलवार 4 नवंबरः माता पूजन और पूर्णाहुति और बुधवार 5 नवंबरः विशाल चुनरी यात्रा का भव्य समापन हुआ।

धार्मिक प्रक्रियाओं और वैदिक विधानों का संचालन पं. महेंद्र कोठारी जी (गढ़ी बरोद वाले) द्वारा किया जा रहा है। पूरे मार्ग में निरंतर ह्लमाता के जैकारेह्व गूँजते रहे, और यह ध्वनि जंगल, पहाड़ और घाटियों से टकराकर भक्ति की प्रतिध्वनि बनकर लौटती रही। यह चुनरी यात्रा केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सहरिया समाज की सांस्कृतिक पहचान, आस्था की दृढ़ता और सामूहिक चेतना का महाकुंभ बन चुकी है और सच कहें आज बलारी माता के चरणों में केवल चुनरी नहीं चढ़ी, बल्कि पूरे समाज की श्रद्धा, विश्वास और आत्मगौरव भी अभिषेकित हुआ।